आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- देश में आज से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा।
- पेरिस ओलम्पिक में कल जेबलिन थ्रो में भारत के नीरज चोपड़ा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा– हॉकी में भारत ने कांस्य पदक जीता।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने मध्योत्तर अण्डमान का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया।
- कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के सिलसिले मे ंआज से बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा दी जाएगी।
- पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मानसून के कारण शहर में खराब पड़े सड़कों को ठीक कराने के लिए तुरन्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

देशवासियों में देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए हर घर तिरंगा अभियान आज से पन्द्रह अगस्त तक समूचे देश में चलाया जायेगा। कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वर्ष दो हजार बाईस में शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दस करोड से अधिक लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड किया। श्री शेखावत ने बताया कि देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि तेरह अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे।

<><><><><><><>

पेरिस ओलम्पिक में कल भारत के नीरज चोपड़ा ने जैबलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कुल नवासी दशमलव चार पांच मीटर भाला फेंका। इस प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पाकिस्तान के ए. नदीम को प्राप्त हुआ, जिन्होंने बानबे दशमलव नौ सात मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

हॉकी के ब्रांज मेडल मैच में भारत की टीम ने स्पेन को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित कर ओलम्पिक में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्नीस सौ अड़सठ और उन्नीस सौ बहत्तर के बाद लगातार दूसरी बार टोक्यो और पेरिस में भारत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस जीत के हीरो कप्तान अमनप्रीत और गोलकीपर श्रीजेश रहे। श्रीजेश ने इस जीत के साथ हॉकी से सन्यास भी ले लिया।

उधर कुश्ती के ब्रांज मेडल मैच में आज भारत के अमन सेहरावत अपना मुकाबला खेलेंगे। भारत को इस ओलम्पिक में कुल पांच पदक हासिल हुए हैं, जिनमें एक सिल्वर और चार ब्रांज मैडल हैं।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने मध्योत्तर अण्डमान का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने मायाबंदर में नवस्थापित आदर्श पूछताछ कक्ष का उदघाटन किया। उन्होंने पुलिस स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होने शिवपुर हवाई अडडे का भी निरीक्षण किया। मायाबंदर में बड़ाखाना में उन्होंने जिले के पुलिसकर्मियों से मुलाकात की।

<><><><><><><>

नीति आयोग के आदेश के अनुरूप तथा डिजिटल सुरक्षा और सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण को बढ़ाने के लिए, कल दक्षिण अण्डमान के उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन सभागार में जिला प्रशासन के कर्मचारियों के लिए जागरूकता–सह–संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैसे–जैसे साइबर हमले तेजी से बढते जा रहे हैं, मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों को समझना और लागू करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में कई विषयों को शामिल किया गया, जिनमें साइबर खतरों को समझनाः फ़िशिंग, मैलवेयर, रैनसमवेयर और सोशल इंजीनियरिंग जैसे सामान्य साइबर खतरों के बारे में जानकारी, ऑनलाइन सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम अभ्यासः व्यक्तिगत और संगठनात्मक डेटा की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक सुझाव और रणनीतियाँ, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का सुरक्षित उपयोगः विभिन्न डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और उपकरणों पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन जैसे विषय शामिल थे। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों को साइबर खतरों से खुद को सुरक्षित रखने और अच्छी साइबर स्वच्छता विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान किए गए। उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों से साइबर स्वच्छता के अच्छे तरीकों का पालन करने और डिजिटल वातावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से कल्याण एवं भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे देश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने की पहल की है, जिसमें सभी एक से उन्नीस वर्ष तक के किशोरों को कृमि मुक्ति दवा दी जाती है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दूसरे चरण के तहत आज एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दवा दी जाएगी। सत्रह तारीख को बचे हुए बच्चों को खुराक पिलाया जाएगा। यह कार्य सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। अभिभावकों से भी बच्चों को एल्बेन्डाज़ोल की खुराक पिलाने में सहयोग करने की अपील की है। आम जनता से भी ए.एन.एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा को सहयोग देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से जहाज एमवी कालीघाट के बारह अगस्त को सुबह सात बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार के लिए यात्रा और तेरह अगस्त को सुबह आठ बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी का निर्धारित यात्रा कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब यह जहाज तेरह अगस्त को सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार के लिए रवाना होगा और चौदह अगस्त को सुबह आठ बजे इसी मार्ग से होते हुए वापस लौटेगा।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मानसून के कारण शहर में खराब पड़े सड़कों को ठीक कराने के लिए तुरन्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव से इस मामले को उठाते हुए उन्होंने शहर में सड़कों की खराब स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि कई जगह बड़े बड़े गडडे उभर आए हैं, जो काफी खतरनाक हो चले हैं, इससे विद्यार्थियों, आफिस जाने वाले लोगों और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को काफी असुविधा हो रही है। मानसून और तुरन्त सड़कों की मरम्मत न किए जाने से स्थिति और खराब हो सकती है। पूर्व सांसद ने मुख्य सचिव से इस मामले पर हस्तक्षेप करने तथा सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सचिव डी. अयप्पन ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री कॉपरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इनका कल निधन हो गया। वे अस्सी वर्ष के थे।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, वी टी आई बकुलतला और आई टी आई एरोंग में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि उनतीस अगस्त हैं। दावे और आपत्तियां इक्कतीस अगस्त से तीन सितम्बर तक भेजे जा सकते हैं। चार सितम्बर को अंतिम योग्यता सूची जारी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार प्रवेश पोर्टल देख सकते हैं या संबंधित संस्थानों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से दक्षिण अंडमान के वन स्टॉप केन्द्र में पारा लीगल पर्सनल, कार्यालय सहायक, बहुद्देशीय कर्मी और कुक के आज होने वाले साक्षात्कार को स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार चौदह अगस्त को आयोजित होगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद के लिए योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की अस्थाई सूची जारी कर दी गई है– डेली टेलीग्राम्स की खबर है। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए बड़े हिस्से को इनके कब्जे से हटाया–द्वीप समाचार की खबर है। अण्डमान लक्ष्यद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य में राज्य स्तरीय हिन्दी कार्यशाला आयोजित होने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने में जगह दी है। पुलिस महानिदेशक द्वारा डिगलीपुर में बच्चो के पार्क ई लर्निंग कियोस्क ज्ञान केन्द्र का उदघाटन करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है, जबकि ऑटो की ओर से पर्यटन से जुड़े हितधारकों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>